श्याम बाबा की कथा सुनाया कर | By Sardar Romi |

अपने आँचल की छैयाँ में
जब तू मुझे सुलाया कर
माँ लोरी की जगह श्याम
बाबा की कथा सुनाया कर
जय बाबा की बोलके मुझको
रोज सुबह तू उठाया कर
माँ लोरी की जगह श्याम
बाबा की कथा सुनाया कर

बहुत सुनाई तूने कहानी
मुझको राजा रानी की
याद कराया कर निशदिन
अब कथा शीश के दानी की
अहिलावती का लाल कौन था
कैसे रण में आया था
शीश दान किसके कहने पर
करके उसने दिखाया था
गोदी में बिठलाकर मुझको
ये बातें समझाया कर
माँ लोरी की जगह श्याम
बाबा की कथा सुनाया कर

सच कहता हूँ ना माँगूँगा
तुमसे मोटर कार माँ
एक बार दिखला दो मुझको
बाबा का दरबार माँ
फागुन के मेले में कैसे
भक्त ध्वजा ले जाते हैं
बाबा का दर्शन करने से
जीवन सफल बनाते हैं
श्याम कुंड में मुझको भी
ये चल के तू नहलाया कर
माँ लोरी की जगह श्याम
बाबा की कथा सुनाया कर

सुना है मैंने इस मेले में
आए लाखों नर नारी
रोमी के संग मेरी भी
जाने की कर दे तैयारी
जा करके खाटू की मिट्टी
का मैं तिलक लगाऊँगा
छोटी सी एक ध्वजा बना दे
साँवरिये को चढ़ाऊँगा
जहाँ जले बाबा की ज्योत
माथा मुझसे टिकवाया कर
माँ लोरी की जगह श्याम
बाबा की कथा सुनाया कर

अपने आँचल की छैयाँ में
जब तू मुझे सुलाया कर
माँ लोरी की जगह श्याम
बाबा की कथा सुनाया कर
जय बाबा की बोलके मुझको
रोज सुबह तू उठाया कर
माँ लोरी की जगह श्याम
बाबा की कथा सुनाया कर

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%a5%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%95/